# रिपोर्टिंग के लिए 16 सुझाव

## जान पहचान

इस पुस्तिका में हमने सड़क सुरक्षा संबंधित विभिन्न प्रकार की रिपोटिंग के माध्यम से आपका मार्गदर्शन करने के लिय बेहद सरल ढांचे का प्रयोग किया है; मेरी कहानी का केन्द्र बिन्दु क्या है? इस संबंधी मुझे किससे बात करनी चाहिए और मुझे क्या पूछना चाहिए? इन रिर्पोटों में सड़क दुर्घटनायों की साधारण कवरेज से लेकर सड़क सुरक्षा से जुडी महत्वकांक्षी समस्याओं को भी शमिल किया गया है यह रिपोर्ट सड़क सुरक्षा प्रबंधन को लोगों के स्वास्थय के लिए एक गंभीर पहलू के रूप में पेश करती है। फिर भी ये सूची संपूर्ण नहीं हो पाई है। इन रिपोटों का उद्देश्य आपको सही दिशा दिखवाना है और सड़क सुरक्षा संबधित रिपोटिंग को एक व्यापक संदर्भ में समझने में आपकी सहायता करना है।

# सड़क दुर्घटना की रिर्पोटिंग को सड़क सुरक्षा की रिर्पोटिंग में करने हेतु पाँच बिन्दु

शुभेन्द्र रे 'हिन्दुस्तान टाईमज़ दिल्ली' के संपादक द्वारा



शुभेन्द्र रे 'हिन्दुस्तान टाईमज़ दिल्ली' के सहायक संपादक है। संपादक के रूप में इन्होंने ट्रैफिक संबधित रिर्पोटिंग में महारत हासिल की। अपने शहर के ट्रैफिक से लेकर देश के सड़क सुरक्षा प्रबंधन तक की गशत की और इस मुद्दे पर गहराई में विचार करके अनेकों लेख लिखे। इन लेखों में शुभेंदु जी ने ट्रैफिक की वजह से होने वाली हानियों और सड़क सुरक्षा के बारे में लिखा।


1. कोई भी सड़क दुर्घटना एक आम घटना नहीं होती इसकी गहराई में जायें और पता करे कि इस दुर्घटना के असल कारण क्या थे।

2. अपनी सड़क दुर्घटनायों की रिर्पोटों का ब्योरा तैयार करते रहें। अपनी रिर्पोटिंग के उस सामग्री का पुनः उपयोग करे । घटनायों के आपस में लिंक बनाये और हर घटना को पूर्ववरती घटनायों से जोड़ के देखें।

3. इस निष्कर्श पर ना पहुँचे कि एक घातक दुर्घटना की भरपाई आपकी रिर्पोटिंग मात्र से हो गई। आप इसकी जाँच करते रहें और दुर्घटना को बारे मे तब तक लिखतें रहें जब तक इसके वास्तविक कारणों का पता न लग जाये।

4. दुर्घटना घटने का इन्तजार न करे बलकि दुर्घटना के समान्य कारणों को उजागर करे और इस विषय पर विशेषज्ञों की राय ले।

5. रिर्पोट तैयार करते समय ये बात ध्यान मे रखें कि आप और आपके पाठक दोनों ही सड़क का उपयोग करते है, इस लिये जो आप लिख रहे है वो सब आप पर भी लागु होता है।



## मेरी रिपोर्ट का केन्द्र बिन्दु क्या है?

➜ एक घातक सड़क दुर्घटना।

## इस बारे में मुझे किस से बात करनी चहिऐ?

➜ पूलिस से और घटना स्थल पर मोजुद अन्य लोगों से

## मैं क्या पूछुँ?

- ➜ किस वजह से दुर्घटना हुई?
- ➜ दुर्घटना से संबंधित जोखिम कारण क्या है?
- ➜ क्या दुर्घटना को घटने से रोका जा सकता था?
- ➜ सड़क दुर्घटनायों को रोकने के लिए ट्रैफिक पूलिस क्या कदम उठा रही है?
- ➜ इस घटना के संदर्भ मे पूलिस अपनी तरफ से क्या कर सकती थी?
- ➜ दुर्घटना का ब्योरा त्यार करने के लिय किस तरह का डाटा सिस्टम घटना स्थल पर है?
- ➜ क्या ये डाटा सिस्टम किन्ही और संबंधित घटनायों से भी जुडें है?



## मेरी रिपोर्ट का केन्द्र बिन्दु क्या है?

➜ कानून को लागु करना?

## इस बारे में मुझे किस से बात करनी चहिऐ?

➜ वरिष्ठ पुलिस अधिकारीयों, राजनीतिक नेता, कानूनी सलाहकारों और सड़क सूरक्षा विशेषज्ञों से

## मैं क्या पूछुँ?

- ➜ क्या सड़क सुरक्षा कानून को प्रभावशाली तरीके से लागू किया जा रहा है। यदि नहीं तो क्या कारण है।
- ➜ क्या उपकरणों यां वित की कमी है इसका मुख्य कारण है?
- ➜ भष्ट्राचार! ट्रैफिक पूलिस सड़क के नियमों को सही तरह से लागु करती है?
- ➜ क्या डयूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों के दुर्घटना ग्रस्त हो जाने पर उनको बचाने के लिए प्रयाप्त व्यवस्था होती है?



## मेरी रिपोर्ट का केन्द्र बिन्दु क्या है?


➜ सड़क सुरक्षा एक वशिष्ट समस्या और संभावित समाधान

## इस बारे में मुझे किस से बात करनी चहिऐ?

➜ संबंधित परिवहन एजेंसी या मंत्रालय के सरकारी अधिकारियों से अकादमी या गैर सरकारी संगठन में कार्यरत सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों से

## मैं क्या पूछुँ?

- ➜ आप इस समस्या को किस तरह से परिभाषत करते है?
- ➜ जिस निशर्कय पर आप पहुँचे है उसे सत्यापित करने वाले साक्ष्य क्या है?
- ➜ इस समस्या का समाधान कैसे किया जा सकता है।
- ➜ क्या प्रसतावित समाधान को सत्यापित करने के लिए कोई साक्ष्य है?
- ➜ पड़ोसी देशों ने इस समस्या का समाधान कैसे किया?
- ➜ समस्या का समाधान करते समय किस तरह की रूकावटें आ रही है?



## मेरी रिपोर्ट का केन्द्र बिन्दु क्या है?

➜ सड़क सुरक्षा प्रबंधन का एक बृहम परिद्ष्य

## इस बारे में मुझे किस से बात करनी चहिऐ?

➜ स्वास्थय मंत्रालय के सरकारी अधिकारियों से आंतरिक या परिवहन अधिकारियों से अन्य अग्रसर कंपंनियों जैसे सड़क सुरक्षा प्राधिकर्ण या बोर्ड

## मैं क्या पूछुँ?

- ➜ देश मे सड़क सुरक्षा के लिए कौन जिम्मेदार है? ➜ देश में सड़क सुरक्षा का प्रबंन्धन कैसा है? ➜ सड़क सुरक्षा के लिए जिम्मेदार एजेंसीयां सरकारी संस्थानों से कैसे तालमेल बनाती है?
- ➜ किस तरह के सुधारों की आवश्यकता है?➜ ब्यौरा रखने के लिए सुरक्षा एजेंसीयों के पास किस तरह के डाटा सिस्टम उपलबध है।➜ क्या वह डाटा सिस्टम एक दुसरे से जुड़े हुये है। जैसे कि चोटों और मौतों का ब्यौरा कैसे सुरक्षित किया जाता है?➜ उस ब्यौरे को सुरक्षित रखने का अधिकार किस के पास होता है?➜ सड़क सुरक्षा संबधी सुधार के लिए इस ब्यौरे का प्रयोग कैसे किया जाता है?



## मेरी रिपोर्ट का केन्द्र बिन्दु क्या है?

➜ सड़को का प्रयोग कर रहे लोगों के कुछ विशिष्ट समूह

## इस बारे में मुझे किस से बात करनी चहिऐ?

➜ आपके देश में मोजुद सड़क उपयोग कर्ता संगठनों से जैसे कि साईकल चलाने वाले, पैदल चलने वाले, टैकसी चलाने वाले और ट्रैफिक अधिकारीयों से इसके अतिरिक्त उन लोगों से जो इन समस्यों का सामना कर रहे होते है जैसे कि सड़क विक्रेताओं से

## मैं क्या पूछुँ?

➜ सड़क का प्रयोग करने वाले यह विशिष्ट समूह हर रोज किस तरह के खतरों का सामना कर रहे है। ➜ यह विशिष्ट समूह अन्य सड़क उपयोग कर्ता से अलग कैसे है? ➜ ऐसे समूहों से संबधित किस तरह का डाटा उपलब्ध है? ➜ क्या इन उपयोग कर्ताओ को एक विशेष कानून के वहत या बुनियादी ढाँचे के द्वारा सुरक्षित किया जा सकता है? ➜ इस क्षेत्र में सर्वोत्तम क्या है? ➜ उनका सबूत क्या है? ➜ क्या आपके देश में सच में ही सर्वोत्म पद्तियां लागू है?
अगर लागू है तो क्यों और कैसे?



## मेरी रिपोर्ट का केन्द्र बिन्दु क्या है?

➜ सड़क सुरक्षा एक सथानिय सार्वजनिक सवास्थय समस्या

## इस बारे में मुझे किस से बात करनी चहिऐ?

➜ अस्पतालों और कलीनिकों के प्रबंधकों से, सवास्थय मंत्रालय से, वरिष्ठ पुलिस अधिकारीयों और सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों से

## मैं क्या पूछुँ?

➜ आपके अस्पताल या कलीनिक में ईलाज के लिये जाने वाले कितने प्रतिशत लोग सड़क दुर्घटनाओ का शिकार होते है? ➜ सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों को किस प्रकार की देखभाल चाहिए? ➜ औस्तन कितना समय वे आपके अस्पतालों में भर्ती रहते है? ➜ अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उन मरीजों का क्या होता है?

➜ इस समस्या का सामना करने के लिए किस तरह के संसाधनों की आवशयकता है? बैड्स? विशेष्ज्ञों?
ऑपरेशनकक्ष?
एकसरे मशीनें?
आपातकालीन विभाग?
अरोग्य विभाग?



## मेरी रिपोर्ट का केन्द्र बिन्दु क्या है?

➜ दुर्घटना के बाद मिलने वाली सुविधाएं

## इस बारे में मुझे किस से बात करनी चहिऐ?

➜ पुर्नवास और भौतिक चिकित्सा केन्द्रों से और पीड़ितों और पीड़ित संघों से।

## मैं क्या पूछुँ?

- ➜ आपके केन्द्र में आने वाले कितने प्रतिशत रोगी सड़क दुर्घटना का शिकार होते है?
- ➜ वह शरीक तौर पर किस तरह की चुनौतियों का सामना करते हैं?
- ➜ गंभीर शरीरक चोट के बाद उनके जीवन में किस तरह का बदलाव देखने को मिलता है?
- ➜ आपसे इलाज बंद करवाने के बाद उन मरीजों का क्या होता है?
- ➜ घायल व्यक्ति के लिए इलाज का औसत खर्च और अविध क्या है?
- ➜ सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों का इलाज करने के लिए आपको किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।



## मेरी रिपोर्ट का केन्द्र बिन्दु क्या है?

➜ आपातकालीन सेवायें।

## इस बारे में मुझे किस से बात करनी चहिऐ?

➜ निजी और सार्वजनिक, दोनों तरह के आपातकालीन चिकित्सा सेवा, कर्मियों और प्रबंधकों से और अस्पताल के अपातकालीन वार्ड कर्मियों से।

## मैं क्या पूछुँ?

- ➜ आपके देश में कौन कौन सी आपातकालीन सेवायें उपलब्ध है?
- ➜ किन सेवाओं की कमी है?
- ➜ दुर्घटना पर भूगतान कौन करता है?
- ➜ निजी और सार्वजनिक संस्थानों से होने वाले फायदे और नुकसान क्या है?
- ➜ अस्पताल के आपातकालीन कक्ष कर्मचारियों का स्थानीय आपातकालीन सेवाओं की गुणवता के बारे में क्या कहना है। ➜ जब दुर्घटनाग्रस्त लोगों को अप्रशिक्षित लोगों द्वारा अस्पताल ले जाया जाता है तो किस तरह की जटिलताएं उत्पन्न होती है। ➜ जो लोग स्वेच्छा, से दुर्घटनाग्रस्त लोगों की सहायता करते है क्या उन लोगों को सुरक्षित रखने के लिए कानूनी प्रावधान है?



## मेरी रिपोर्ट का केन्द्र बिन्दु क्या है?

➜ सड़क दुर्घटना जैसी समस्या के उपायों के रूप में मानकों एवं तकनीकों का योगदान

## इस बारे में मुझे किस से बात करनी चहिऐ?

➜ औधोगिक और शैक्षणिक विशेषज्ञों से, परीक्षण कर्मचारियों से, ग्लोबल एनसीएपी के कर्मचारीयों से, उपभोक्ताओं, पुलिस अधिकारियों से और सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों से।

## मैं क्या पूछुँ?

➜ सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए या सड़क सुरक्षा से संबंधित कानून लागु करने के लिए नवीनतम तकनीकी समाधान क्या है? ➜ कौन से वाहन निर्माताओं का रिकार्ड सुरक्षा क्षेत्र में सब से अच्छा है? ➜ क्या वाहनों में अनिवार्य रूप में सुरक्षा प्रदान करने के लिए कानून है? ➜ हैलमेट जैसे सड़क सुरक्षा उपकरर्णो के मानकों संबंधी क्या कानून है? ➜ स्थानीय कानून कैसे अर्न्तराष्ट्रीय मानको तक मापे जा सकते है?

➜ क्या यह मानक सबके लिए एक जैसे है और कारोबार एवं उपभोक्ताऔ पर एक ही तरह से लागू होते है?



## मेरी रिपोर्ट का केन्द्र बिन्दु क्या है?

➜ सुरक्षा उपायों की उपलब्धता और सामर्थ्य व्यवधान

## इस बारे में मुझे किस से बात करनी चहिऐ?

➜ उपभोक्ता संगठनो, बाजार अनुसंधान एजेंसियों, फुटकल विक्रेताओं जैसे अंतराष्ट्रीय संगठनों से

## मैं क्या पूछुँ?

➜ बाजार में क्या उपलब्ध है?

➜ क्या हैलमेट और बच्चो की सुरक्षा के लिए उपलब्ध सुरक्षा उत्पाद कानूनी मानकों को पूरा करते है?

➜ बाजारों की रिसर्च, इन उत्पादों के प्रति उपभोक्ताओं के दृषिटकोण और व्यवहार के बारे में क्या बताती है?

➜ उपभोक्ता इन उत्पादों के बारे में क्या सोचते हैं?



## मेरी रिपोर्ट का केन्द्र बिन्दु क्या है?

➜ सडक सुरक्षा, राजनीतिक और विकास प्राथमिकता के रूप में

## इस बारे में मुझे किस से बात करनी चहिऐ?

➜ विभिन्न राजनीती दलों के नेताओं या उम्मीदवारों से विशेष कर चुनाव के दौरान बात करनी चाहिए। संबंधित सरफारी एजेंसियों के अधिकारियों से, सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों से और सड़क सुरक्षा संबंधी गैर सरकारी संगठनों से

## मैं क्या पूछुँ?

- ➜ क्या किसी भी स्थानीय या राष्ट्रीय राजनेता ने सडक सुरक्षा को राजनैतिक प्राथमिकता दी है?
- ➜ वे किस तरह के मुद्रे उठा रहे है और उनको क्यो लगता है कि सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए?
- ➜ सड़क सुरक्षा को विकास प्राथमिकता देने के पीछे क्या तर्क है,
- ➜ इसके पीछे क्या प्रमाण है?
- ➜ क्या इस तरह का ब्योरा उपलब्ध है जो सड़क सुरक्षा को विकासी प्राथमिकता देने का समर्थन करता हो?



## मेरी रिपोर्ट का केन्द्र बिन्दु क्या है?

➜ वैकल्पिक परिवहन, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकुलित विकल्प के रूप में

## इस बारे में मुझे किस से बात करनी चहिऐ?

➜ पर्यावरणविद्ों या पर्यावरण संगठनों से, शहरी योजनकारों विशेष रूप से जो गतिशीलता या वैकल्पिक परिवहन माडल पर काम कर रहे है

## मैं क्या पूछुँ?

- ➜ आपके शहर मे कौन से वैकल्पिक वाहन है?
- ➜ क्या इन विकल्पों को कोई प्रोत्साहित कर रहा है
- ➜ परिवहन को इन वैकल्पिक रूपो का आर्थिक और स्वस्थय लाभ कया है?
- ➜ क्या सुरक्षित सड़कों और अधिक रहने योग शहरों का आपस में संबध है?
- ➜ सतत गतिशीलता क्या है और इसका सड़क सुरक्षा से क्या संबंध है?



## मेरी रिपोर्ट का केन्द्र बिन्दु क्या है?

➜ सुरक्षित सड़के और बेहतर बुनियादी ढांचा

### इस बारे में मुझे किस से बात करनी चहिऐ?

➜ सड़क सुरक्षा इंजीनियरों, आईरैप और युरोपीय अयोग समेत अन्य अवसरंचना विशेषज्ञों से।

### मैं क्या पूछुँ?

➜ हम ऐसी सडको का निर्माण किस तरह करे जो सुरक्षित भी हो और अच्छी एवं प्रभावशाली भी?

➜ सड़कों के निर्माण में सुरक्षा प्रबंधन करने के लिए कितना खर्च होता है।

➜ क्या इससे संबधित आंकडे उपलब्ध है?

➜ ये निर्णय कैसे और कौन करता है कि सड़क निर्माण में सुरक्षा मानदडो को शमिल किया जायेगा? ➜ क्या सथानीय कानून नई सड़को के निर्माण के समय सुरक्षा के ध्यान में रखता है?

➜ ट्रैफिक सड़को की परिस्थिति और बुनियादी ढांचा कितना न्यायसंगत है?

➜ क्या यह परिवहन अवसंरचना सड़क उपयोगकर्ताओ की जरूरतों और सुविधाओ को शामिल करती है।



## मेरी रिपोर्ट का केन्द्र बिन्दु क्या है?

➜ सड़क सुरक्षा प्रबंधन का आर्थिक सहयोग लाभ विश्लेषण

### इस बारे में मुझे किस से बात करनी चहिऐ?

➜ खास तौर पर अर्थशास्त्रियों से जो स्वास्थय संबधी खर्चो और विकास के क्षेत्र में विशेषज्ञ हों; अर्न्तराष्ट्रीर्य संगठनों से, सरकारी मंत्रालयों से, निवेशकों और व्यपारियों से, विकास विशेषज्ञों से

### मैं क्या पूछुँ?

➜ दुर्घटनायो की रोकथाम करने के लिए होने वाले खर्च की तुलना इलाज पर होने वाले खर्च से कैसे जाये?

➜ देश की जीडीपी पर सड़क दुर्घटना में लगने वाली चोटों और होने वाली मौतों का क्या असर पड़ता है?

➜ क्या गरीबी और सड़क दुर्घटना मे कोई आपसी संबंध है?

➜ क्या खराब सड़क सुरक्षा प्रबंधन निवेशकों के मनोबल को कम करता है और आर्थिक विकास की दर को धीमा करता है?



## मेरी रिपोर्ट का केन्द्र बिन्दु क्या है?

➜ सड़क सुरक्षा कानून

## इस बारे में मुझे किस से बात करनी चहिऐ?

➜ कानूनी सलाहकारो, कानून निर्माताओं, सड़क सुरक्षा में रूचि रखने वाले लोगों से, पुलिस शोध संगठनो से और सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों से

## मैं क्या पूछुँ?

➜ हमारे देश के विधान में क्या कमियाँ या गलतियाँ है?➜ किन देशों मे सड़क सुरक्षा को लेकर सब से अच्छे कानून है➜ अच्छे

➜ सड़क सुरक्षा संबंधी कानून बनने मे किन चीज़ों का योगदान होता है और क्यो?

➜ बेहतर सड़क सुरक्षा नियमों के पालन संबंधी सूचना कहाँ से प्राप्त की जा सकती है?

➜ क्या किसी देश की विलक्षणता को ध्यान में रखते हुऐ सड़क सुरक्षा, नियमों को लागू करते समय, थोड़े बहुत समझौते किये जा सकते है? सड़क सुरक्षा कानून के बनने में सहयोगियों के सुझाव कैसे मददगार साबित होते है?➜ क्या सड़क सुरक्षा नियमों, कानूनों का समय-समय पर पुर्न मुल्यांकन एवं नवीनीकरण होता रहता है?➜ अगर होता है तो कितने समय अंतराल के बाद? कानून में किये गये परिवर्तनो के बारे में लोगों को कैसे सूचित किया जाता है?

**World Health Organization**
**Department of Management of Noncommunicable Diseases, Disability ,Violence and Injury Prevention**
**20 Aveneue Appia**
**1211 Geneva 27**
**Switzerland**
**Tel: +41 22 791 2392**

Published by the World Health Organization in 2015 under the title 16 Story Ideas
© World Health Organization 2015

The World Health Organization has granted a translation and publication permission for an edition in Hindi to **Avoid Accident,** which is solely responsible for the quality and faithfulness of the Hindi translation. In the event of any inconsistency between the English and the Hindi editions, the original English edition shall be the binding and authentic edition.

**रिर्पोटिंग के लिए 16 सुझाव**

**© Avoid Accident 2018**